निगम क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण हो गुणवत्तापूर्ण-आयुक्त

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र मे हो रहे नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रो के निर्माण को देखने पहुंचे निगम आयुक्त। जिससे आंगनबाड़ी के निर्माण की गुणवत्ता एवं आवश्यक सुविधा में किसी प्रकार की बाधा न हो।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव प्रातः भ्रमण के दौरान भिलाई निगम क्षेत्र के वार्ड 29 वृन्दा नगर में बन रहे नवीन निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण किये तथा निगम के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिये की निर्धारित समय अवधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण सभी आगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण हो जाना चाहिए। साथ ही आंगनबाड़ी के कमरो का निर्माण, दरवाजे, खिड़की, पानी, शौचालय एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्य करे। आंगनबाड़ी का निर्माण इस प्रकार से किया जाये की बच्चो को बैठन खेलने में में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शासकीय आंगनबाड़ी केंद्र का स्वयं का भवन नहीं होने के कारण किराए के भवनों में आंगनबाड़ी चलना पड़ता है इसलिए शासन द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम क्षेत्र में शासन के आदेश अनुसार नवीन आंगनबाड़ी का निर्माण किया जा रहा है जो निर्धारित समय में पूर्ण हो जाएगा जिससे आस-पास के बच्चो को आंगनबाड़ी आने जाने में सुविधा हो बच्चो के खेलने के लिए भी उपयुक्त स्थल मिल सके।